दिनांक 14 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने सेक्टर 9 स्थित फुटबॉल ग्राउंड मे विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतरीन सुविधा

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर 9 चौक के समीप पीजी नर्सिंग कॉलेज के पास फुटबॉल ग्राउंड में फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए लगभग 50 लाख की लागत से बनने वाले फेंसिंग,लान एवं लाइट लगाने के कार्य का भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की! सर्वप्रथम महापौर श्री देवेंद्र यादव द्वारा सायं 6:00 बजे फुटबॉल ग्राउंड पहुंचे जहां पर वार्ड पार्षद के माध्यम से निर्धारित स्थल में पूजा अर्चना करते हुए , फूल चढ़ाकर, नारियल फोड़कर, अगरबत्ती जला कर तथा गैंति चलाकर कार्य की शुरुआत कराई एवं स्वयं भी भूमि पूजन किया!

तत्पश्चात फुटबॉल खेल रहे बच्चे श्री यादव को अपने बीच पाकर प्रसन्न हो गए जिनसे बारी बारी से श्री यादव ने बच्चों में जोश भरते हुए सभी से हाथ मिलाया एवं सभी का नाम पूछा! स्पोर्ट समिति के सचिव संजीव सैमुअल ने श्री यादव का आभार जताते हुए कहा कि यह एक बहुत अच्छा कार्य है जिससे खिलाड़ियों को एक नई सुविधा मिलेगी अभी तक यहां पर मुरूम बिछा हुआ है जिससे चोट लगने की संभावना भी बनी रहती थी एवं दिन में भरी दोपहरी व भीषण गर्मी होने के कारण परेशानी होती थी , रात में लाइट की व्यवस्था नहीं होने पर रात्रि कालीन समय में खेलना भी मुश्किल होता था , जिसका समाधान आज से भूमि पूजन होने पर अब से हो जाएगा , खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा भी मिलेगी!इसके लिए मैं श्री यादव का आभार व्यक्त करता हूं!

फुटबॉल समिति के अध्यक्ष ने कहा कि फेंसिंग का थोड़ा सा क्षेत्र बढ़ाना होगा ताकि क्षेत्रफल और बढ़ जाए , जिस पर श्री यादव ने सहमति जताई एवं उपस्थित अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया! अभियंता राजपूत ने बताया कि बहुत बड़ा फुटबॉल ग्राउंड है जिसमें अलग अलग टीम के बच्चे प्रैक्टिस करने मैदान पर पहुंचते हैं इसको देखते हुए एक निर्धारित एरिया में फेंसिंग कर अंदर में घास लगाया जाएगा ताकि अन्य खिलाड़ी बच्चों को भी कोई असुविधा न हो तथा कार्य के 2 साल का रखरखाव एजेंसी द्वारा किया जाएगा! भूमि पूजन के दौरान खिलाड़ी बच्चों में भी एक अलग उत्साह नजर आया, सभी बच्चे भूमि पूजन में सम्मिलित हुए! भूमि पूजन के दौरान वार्ड की पार्षद दिनशा तुमाने , ललित मोहन, फुटबॉल समिति के अध्यक्ष जेके वैष्णव , सचिव संजीव सैमुअल, राममोहन राव, जयंत वर्मा, रमेश कुमार, कार्यपालन अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता आर एस राजपूत, उप अभियंता प्रिया खैरवार , विनोद गौतम, ललित यादव सहित आसपास के लोग एवं स्पोर्ट्स के लोग मौजूद थे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!